an>

Title: Need to operate a new train between Ayodhya and Ujjain.

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर): अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र हमीरपुर में, जो बुंदेलखंड क्षेत्र के अंतर्गत आता है, वहां से उत्तर प्रदेश राजधानी के लिए हमारे यहां से कोई भी डायरैक्ट ट्रेन नहीं है । हमारा क्षेत्र मध्य प्रदेश का सीमावर्ती क्षेत्र है । हम लोग लंबे समय से इस बात की मांग कर रहे हैं । इंदौर से भोपाल होते हुए, खजुराहो होकर महोबा, महोबा से कबरई और बांदा होकर, मौदहा,भरुआ, सुमेरपुर और हमीरपुर से होते हुए कानपुर-लखनऊ ट्रेन की मांग बहुत लंबे समय से चल रही है । उज्जैन में महाकालेश्वर से लेकर अयोध्या तक के लिए ट्रेन की मांग लंबे समय से चल रही है । मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि रेलवे ट्रेन की यह डिमांड बहुप्रतीक्षित है । …(व्यवधान) माननीय मंत्री सही कह रहे हैं कि हम लोग चाहते हैं कि ट्रेन इस कोने से उस कोने तक जाए । मेरा विशेष आग्रह है कि हमारे यहां से लोग और बेरोजगार नौजवानों को नौकरी या सरकारी काम के लिए राजधानी जाना पड़ता है । बसों से वहां जाने में बहुत समय लगता है और बहुत पैसा खर्च होता है । अगर यह ट्रेन चलेगी, तो रेलवे को फायदा होगा । मेरा मध्य प्रदेश बॉर्डर का क्षेत्र है । इससे मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल और उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ भी जुड़ जाएगी और मेरे संसदीय क्षेत्र को यह ट्रेन भी मिल जाएगी । मैं आपके माध्यम से इस ट्रेन के लिए निवेदन करता हूं ।

माननीय अध्यक्ष : श्री महेश साहू – उपस्थित नहीं ।

भानुप्रताप जी ।